टाटामारी में टूरिस्ट इन्फॉर्मेशन सेंटर का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

29 मई, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में स्व-सहायता समूह की बहनों ने कोंडागाँव ज़िले में पर्यटन सुविधाओं की जानकारी देने के लिये टाटामारी में निर्मित टूरिस्ट इन्फॉर्मेशन सेंटर का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- टाटामारी के बिहान कैंटीन में कार्यरत महिला समूह की अध्यक्ष लक्ष्मी साहू एवं सदस्य जयंती ध्रुव के हाथों मुख्यमंत्री ने टाटामारी के इस सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ कराया।
- वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा इस सेंटर का निर्माण लगभग 25.36 लाख रुपए की लागत से किया गया है। इस टूरिस्ट इन्फॉर्मेशन सेंटर में प्रशिक्षण सह-उत्पादन केंद्र भी बनाया गया है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मावा कोंडानार पर्यटन सर्किट पर केंद्रित पुस्तिका और लोगो का विमोचन किया।
- गौरतलब है कि कोंडागाँव ज़िले में अपार पर्यटन की संभावनाओं के दोहन और स्थानीय लोगों को रोज़गार दिलाने के उद्देश्य से मावा कोंडानार पर्यटन सर्किट का विकास किया जा रहा है।
- इसके लिये 3 दिन एवं 2 रातों का पर्यटन पैकेज तैयार किया गया है, जिसमें पर्यटक स्थानीय प्रकृति के सान्निध्य में मनोरम वादियों, 20 से अधिक जलप्रपातों, पुरातात्त्विक अवशेषों, आदिवासी सभ्यता-संस्कृति, प्रागैतिहासिक शैलचित्रों, कोंडागाँव की अनोखी संस्कृति से परिचित हो सकेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tourist-information-centre-inaugurated-at-tatamari